दैनिक जागरण 13/01/2024

जीएमएन में युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज की एनएसएस इकाई, स्वामी विवेकानंद सेल सौजन्य इतिहास विभाग एवं वाईआरसी के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में सुभाष कलसाना मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि भारत पुनः विश्व गुरु के पद पर आसीन हो रहा है। कालेज प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने बताया कि विनम्रता एवं सादगी के पुंज स्वामी विवेकानंद का तेज और ओज हमारे युवाओं को ग्रहण करना चाहिए। इस मौके पर डा. सरोज, डा. धर्मवीर सैनी, डा. कुलदीप, डा. पुनिया आदि मौजूद रहे।